भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2039
उत्तर देने की तारीख 28.07.2022

स्फूर्ति योजना का कार्यान्वयन

2039. डॉ. अरविन्द कुमार शर्माः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हरियाणा में पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन और उत्थान के लिए कोष योजना (स्फूर्ति) कार्यान्वित की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो हरियाणा, विशेष रूप से रोहतक और झज्जर जिलों में प्राप्त परिणामों का पारंपरिक उद्योगों और संगठित कारीगरों के समूहों की संख्या के संबंध में ब्यौरा क्या है और निरंतर रोजगार प्रदान किए गए पारंपरिक उद्योग कारीगरों और ग्रामीण उद्यमियों की संख्या कितनी है और विपणन योग्यता, डिजाइन हस्तक्षेप और बेहतर पैकेजिंग के लिए समर्थित उत्पादों की संख्या कितनी है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) जी हां, परंपरागत उद्योगों के पुनर्सृजन के लिए निधि स्कीम (स्फूर्ति) का हरियाणा में कार्यान्वयन किया जा रहा है।

(ख) स्फूर्ति के अंतर्गत, हरियाणा राज्य में 5 क्लस्टरों को अनुमोदित किया गया है, जिनका विवरण अनुबंध-1 में दिया गया है। इन क्लस्टरों के माध्यम से लगभग 1574 लाख रू. की भारत सरकार सहायता के साथ परंपरागत उद्योगों से कुल 3429 कारीगरों को सहायता दी जा रही है। इन क्लस्टरों को जरी-जूती और चमड़े के समान, हस्तनिर्मित कार्पेट, दरी और गृह साज-सज्जा का सामान, साड़ी, हस्तनिर्मित कागज आदि जैसे उत्पादों के लिए विपणन, डिजाइनिंग और पैकेजिंग सहायता के साथ वस्त्र और हस्तशिल्प क्षेत्रों में स्थापित किया गया है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता है।

*****

अनुबंध -1.

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2039 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध						
हरियाणा में पारंपरिक उद्योगों के पुनर्सृजन के लिए निधि स्कीम (स्फूर्ति) के अन्तर्गत स्वीकृत क्लस्टर						
क्र. सं.	क्लस्टर का नाम	ज़िला	क्षेत्र	कुल कारीगर	स्फूर्ति सहायता (लाख रुपये में)	स्थिति
1	हिसार ज़री जूती क्लस्टर	हिसार	वस्त्र	983	231.56	कार्यान्वयन के अधीन
2	मोरिंगा कागज उत्पादन और मूल्य संवर्धन क्लस्टर	सोनीपत	हस्तशिल्प	509	359.29	कार्यात्मक
3	कालीन, दरी और गृह साज-सज्जा क्लस्टर	जींद	वस्त्र	761	417.43	कार्यात्मक
4	फर्नीचर और सिलाई के साथ कढ़ाई क्लस्टर	सोनीपत	वस्त्र	847	439.31	कार्यात्मक
5	शिल्प क्लस्टर	पानीपत	हस्तशिल्प	329	126.37	कार्यात्मक
	कुल			3429	1573.96	